**सचिव, भवन निर्माण विभाग की अध्यक्षता में पार्कों के रख–रखाव एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में दिनांक–01.09.2025 को आहूत बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति :– पंजी के अनुसार।**

सचिव, भवन निर्माण विभाग की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, पटना द्वारा बताया गया कि बिहार कार्यपालिका नियमावली–1979 के अनुसार भवन निर्माण विभाग को ***कार्यालय एवं आवासीय परिसरों में बागवानी का विकास*** का दायित्व दिया गया है। उक्त के आलोक में उद्यान प्रमंडल, पटना भवन निर्माण विभाग के द्वारा निम्नांकित कार्यालय एवं आवासीय परिसरों में बागवानी का कार्य कराया जा रहा है :–

1. विधान सभा एवं बिहार विधान परिषद के परिसर में अवस्थित उद्यान।
2. पटना उच्च न्यायालय के परिसर।
3. सभी सचिवालय परिसर स्थित उद्यान।
4. उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश, माननीय मंत्री, माननीय विधायक एवं विधान पार्षद के आवासीय परिसर में स्थित उद्यान।
5. 96 आफिसर्स सेट एवं अन्य आवासीय परिसर में स्थित उद्यान।

**2.** बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा–47 (1)(b) एवं 249 (1)(l) के तहत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक पार्कों का साफ–सफाई, रख–रखाव एवं अन्य कार्य नगर निगम के स्तर से किया जाना है। नगर आयुक्त, पटना नगर निगम द्वारा जानकारी दी गई कि शहर के विभिन्न भागों में अवस्थित सार्वजनिक पार्कों का रख–रखाव, साफ–सफाई एवं बागवानी पटना नगर निगम द्वारा पार्क प्रमंडल, पटना के माध्यम से किया जा रहा है। उनके द्वारा बताया गया कि पार्क प्रमंडल पटना, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है तथा पार्कों के नियमित रख–रखाव, साफ–सफाई एवं बागवानी के लिए नगर निगम पटना द्वारा राशि उपलब्ध करायी जायेगी। उनके द्वारा सहमति दी गई कि भविष्य में निम्नांकित पार्कों का भी रख–रखाव, साफ–सफाई एवं बागवानी का कार्य पटना नगर निगम, पटना द्वारा पार्क प्रमंडल, पटना के माध्यम से करने की सभी आवश्यक व्यवस्था की जाएगी :–

1. नेताजी सुभाष पार्क, साउथ गाँधी मैदान, पटना।
2. अम्बेदकर पार्क, पटना उच्च न्यायालय परिसर के पास।
3. गाँधी मैदान में अवस्थित गाँधी मूर्ति के पास का उद्यान।

4. जे0पी0 गोलम्बर एवं आयकर गोलम्बर स्थित पार्क।

5. नेहरू पार्क एवं मौलाना आजाद पार्क, नेहरू पथ।

6. शास्त्रीनगर पार्क।

*धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।*

| | | |
|---|---|---|
| कार्यपालक अभियंता,<br>उद्यान प्रमंडल, पटना | भू–सम्पदा पदाधिकारी,<br>भवन निर्माण विभाग | मुख्य अभियंता, पटना,<br>भवन निर्माण विभाग |
| अपर सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग | नगर आयुक्त,<br>पटना नगर निगम | सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग |

ज्ञापांक– 8291 (भ) पटना/दिनांक– 03/9/25

**प्रतिलिपि** :– नगर आयुक्त, पटना नगर निगम/मुख्य अभियंता पटना, भवन निर्माण विभाग/भू–सम्पदा पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग/कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग